अंदर के पेजों पर पढ़ें
2 2024 का लोकसभा चुनाव बहुत खास है...
6 महिला प्रीमियर लीग 2024 का चैम्पियन बना...
7 मध्यप्रदेश में चार चरण में होंगे लोकसभा चुनाव, ...

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 11 अंक-08 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 19 मार्च से 25 मार्च 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -2



## बीजेपी कार्यालय में सीता सोरेन ने थामा BJP का दामन

रांची/डेस्क। जेएमएम पार्टी को बड़ा झटका देते हुए JMM प्रमुख शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन ने बीजेपी का दामन थाम लिया है. उन्होंने दिल्ली स्थित बीजेपी कार्यालय में बीजेपी पार्टी का दामन थामा. झारखंड प्रदेश बीजेपी के प्रभारी और राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी और बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव विनोद तावड़े ने उनका स्वागत करने हुए उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई. बता दें, सीता सोरेन ने JMM का दामन छोड़ने का ऐलान करने के कुछ देर बाद ही झारखंड विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दिया था.

लोकसभा चुनाव से पहले जेएमएम पार्टी को झटका देते हुए जेएमएम से जामा विधायक सीता सोरेन ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. इसके बाद उन्होंने अपने विधायक के पद से भी इस्तीफा दे दिया है।

## CAA- जवाब देने के लिए केंद्र को 3 हफ्ते मिले

# 9 अप्रैल को सुनवाई, याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट से बोले- इस दौरान नागरिकता ना दी जाए

**सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार 19 मार्च को नागरिकता संशोधन कानून (ष्ट्र) के खिलाफ दायर 237 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इन याचिकाओं में से 20 में कानून पर रोक लगाने की मांग की गई है। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल (स्त्र) तुषार मेहता ने जवाब दाखिल करने के लिए 4 हफ्ते का समय मांगा। कोर्ट ने उन्हें 3 हफ्ते का समय दिया है।**




सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि यह एक्ट किसी की भी सिटिजनशिप नहीं छीन रहा है। 2014 से पहले देश में आए लोगों को ही नागरिकता दी जा रही है। उसके बाद आए किसी नए शरणार्थी को नहीं। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि केंद्र के जवाब देने तक नई नागरिकता नहीं दी जाए। ऐसा कुछ होता है तो हम फिर कोर्ट आएंगे।

इस पर CJI की बेंच ने कहा कि हम यही हैं। केंद्र सरकार को स्टे पर जवाब देने के लिए 2 अप्रैल तक का समय दिया जाता है। उस पर 8 अप्रैल तक एफिडेविट फाइल कर सकते हैं। इस तरह हम 9 अप्रैल को सुनवाई से पहले जरूरी बातों को सुन लेंगे। असम और त्रिपुरा से जुड़ी याचिकाओं में अलग नोट दिया जाए।

केंद्र ने CAA लागू होने का नोटिफिकेशन 11 मार्च को जारी किया था। इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए शरणार्थियों को नागरिकता मिलेगी। इसके खिलाफ इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, असम कांग्रेस नेता देबब्रत सैकिया, असम जातीयतावादी युवा छात्र परिषद, डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया ने याचिका लगाई है।

# दिवंगत साथी को याद करके इमोशनल हुए PM

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के सलेम में जनसभा को संबोधित करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने अपने दिवंगत पूर्व साथियों को याद किया। मोदी ने कहा तेलंगाना के स्टेट प्रेसिडेंट रहे केएन लक्ष्मण ने पार्टी के प्रचार के लिए बहुत काम किया।**

साथ ही उन्होंने पार्टी के ऑडिटर रहे रमेश को भी याद किया। उन्होंने कहा– मैं रमेश को नहीं भूल सकता। उन्होंने पार्टी के लिए काफी काम किए हैं। आज वे हमारे साथ नहीं हैं। उनकी हत्या कर दी गई। मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं।

# एनडीए से अलग हो गए नाराज पशुपति पारस, मोदी कैबिनेट से दिया इस्तीफा



**बिहार में सीट बंटवारे को लेकर नाराज चल रहे केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने एनडीए से अलग हो गए हैं। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा भी दे दिया। पशुपति पारस ने कहा कि वे एनडीए के साथ ईमानदारी के साथ रहे, लेकिन उनके साथ नाइंसाफी हुई।**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने एनडीए गठबंधन से अलग होने का फैसला लिया है। इसके साथ ही पशुपति कुमार पारस ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया। सोमवार को बिहार में एनडीए गठबंधन के बीच हुए सीट शेयरिंग में पशुपति कुमार पारस की पार्टी को एक भी सीट नहीं मिलने से वह नाराज हैं। इस्तीफे की घोषणा करते हुए पशुपति कुमार पारस ने कहा कि कि उनके साथ नाइंसाइफी हुई है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पशुपति कुमार पारस ने कहा– कैबिनेट मंत्री पद से मैं त्यागपत्र देता हूं। मेरे साथ नाइंसाफी हुई है। इतना कहकर वह उठकर खड़े हो गए। पत्रकारों ने जब सवाल पूछा तो खड़े-खड़े उन्होंने कहा कि जितना बोलना था कह दिया। अब आगे की राजनीति हम अपनी पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर उनसे बातचीत के बाद तय करूंगा।

## IPS विवेक सहाय को बनाया गया पश्चिम बंगाल का नया DGP, चुनाव से पहले दी गई अहम जिम्मेदारी

**लोकसभा चुनावों से पहले केंद्रीय चुनाव आयोग ने आज सोमवार को कई बड़े फैसले लिए। इनमें एक फैसला पश्चिम बंगाल पुलिस के प्रमुख को बदलने का भी है। आयोग ने राज्य पुलिस के प्रमुख की जिम्मेदारी अब विवेक सहाय को सौंपी है।**

कोलकाता। आईपीएस राजीव कुमार को पश्चिम बंगाल के डीजीपी पद से हटाने के बाद अब विवेक सहाय को राज्य पुलिस प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं इससे पहले चुनाव आयोग ने आज सोमवार 18 मार्च को राजीव कुमार को डीजीपी के पद से हटाया था। इसके कुछ देर बाद ही आईपीएस ऑफिसर विवेक सहाय को यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# राज ठाकरे के NDA में शामिल होने की अटकलों से टेंशन में एकनाथ शिंदे गुट, उठाया ये कदम

**राज ठाकरे आज दिल्ली में हैं. वो कुछ ही देर में गृह मंत्री अमित शाह से मिलेंगे. इस बीच शिंदे गुट के सांसद को डर है कि उनका टिकट कट सकता है.**



मनसे (MNS) प्रमुख राज ठाकरे अमित शाह से मिलने दिल्ली पहुंचे हैं. वहीं दूसरी ओर महायुति में लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर इसपर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मिलने शिवसेना (एकनाथ शिंदे समर्थित) के सभी सांसद मुख्यमंत्री के ठाणे स्तिथ निवास स्थान पर पहुंच रहे हैं. अब तक सांसद राहुल शेवाले, भावना गवली, कृपाल तुमाने मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे.

सूत्रों के मुताबिक, एनडीए/महायुति में राज ठाकरे के शामिल होने की संभावनाओं को देखते हुए कई सांसदों को इस बात का डर सता रहा है कि लोकसभा चुनाव में उनका पत्ता कट सकता है. वहीं दूसरी तरफ सूत्र यह भी जानकारी दे रहे हैं कई सांसद सीटों के बंटवारे को लेकर हो रही देरी से नाराज हैं

संपादकीय

**लोकसभा चुनावों की घोषणा हो चुकी है। उम्मीद के अनुसार ही तारीखें घोषित होते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष में बयानबाजी बढ़ गई है। देश में होने वाले ये आम चुनाव इस बार कई मायनों में खास रहने वाले हैं। इस चुनाव से राजनीतिक स्थिरता से लेकर अगले 20 साल के विजन की तस्वीर साफ हो जाएगी। लोकसभा चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच बयानबाजी और तेज हो गई। सत्ता पक्ष और विपक्ष की इस नोक-झोंक को लोकतंत्र की खूबसूरती मानकर नजरअंदाज कर दिया जाए तो भी इन चुनावों से जुड़े कई अहम पहलू हैं, जो इसे खास बनाते हैं।**

# 2024 का लोकसभा चुनाव बहुत खास है, 5 प्वाइंट में समझें कैसे तय होगी देश की दशा-दिशा




राजनीतिक स्थिरता - 20वीं सदी का अंतिम दशक अगर राजनीतिक अस्थिरता का पर्याय बन गया था तो 21वीं सदी अपने साथ स्थिरता लेकर आई। न केवल अटल बिहारी वाजपेयी की अगुआई वाली सरकार ने अपना कार्यकाल पूरा किया बल्कि उसके बाद पहले डॉ. मनमोहन सिंह और फिर नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकारों ने देश को लगातार 10-10 साल का शासन दिया।

राम मंदिर, CAA, बेरोजगारी... चुनाव में इन 10 मुद्दों की सुनाई देती रहेगी गूंज

### 20 वर्षों का विजन

अब इस बार के चुनाव में जहां BJP नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा।

लोकसभा चुनाव में इन 11 बड़े खिलाड़ियों पर रहेगी नजर, जानें कमजोरी से लेकर मजबूत पक्ष

### सत्ता पक्ष की पिच

दिलचस्प है कि सत्तारूढ़ BJP इन चुनावों में जिन फैसलों पर सबसे ज्यादा जोर दे रही है, वे भले पांच वर्षों के मौजूदा सरकार के कार्यकाल के दौरान लिए गए हों, लेकिन उन मुद्दों से जुड़े हैं जो वर्षों नहीं, दशकों से BJP के मूल मुद्दों के रूप में पहचाने जाते रहे हैं। चाहे राममंदिर, अनुच्छेद 370 और CAA की बात हो या ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर पूजा शुरू होने की- ये सारे मुद्दे BJP के इस दावे को मजबूती देते हैं कि वह जो कहती है, करके दिखाती है।

### विपक्ष की रणनीति

विपक्षी दलों ने इन चुनावों में उन लोगों को संबोधित करने और अपनी ओर खींचने की रणनीति बनाई जो BJP के जाने-पहचाने नैरेटिव के प्रभाव से बाहर माने जाते हैं। I.N.D.I.A. बना कर हर सीट पर साझा प्रत्याशी खड़ा करने की सोच के पीछे यही इरादा था। मगर नीतीश कुमार की NDA में वापसी और ममता बनर्जी का I.N.D.I.A. से बाहर रहने का फैसला इस रणनीति के आजमाए जाने से पहले ही नाकाम होने का संकेत है। बहरहाल, देखना होगा कि आगे विपक्षी दल अपना केस वोटरों के सामने कितने कारगर ढंग से रख पाते हैं।



संपादक-
गोपाल गावंडे

राजनीति

# चुनाव से पहले EC का बड़ा एक्शन, बंगाल के DGP और यूपी-गुजरात समेत 6 राज्यों के गृह सचिवों को हटाने का आदेश



**लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा अलटफेर देखने को मिला है. चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी सहित 6 राज्यों के गृह सचिवों को हटाने का आदेश दे दिया है. चुनाव आयोग ने गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिव हटाए हैं.**

लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सख्त एक्शन लेते हुए 6 राज्यों के गृह सचिवों को हटाने का आदेश दे दिया है. चुनाव आयोग ने जिन 6 राज्यों के गृह सचिव हटाए हैं. उसमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं. इसके साथ ही पश्चिम बंगाल के डीजीपी को हटाने के निर्देश भी दिया गया है. बता दें कि चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी को 2016 में सूबे के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी सक्रिय चुनाव ड्यूटी से हटा दिया था.

**चुनाव आयोग का कहना है यह एक्शन चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित कराने के लिए लिया गया है. चुनाव आयोग की इस कार्रवाई से कड़ा संदेश जाता है कि लोकसभा चुनाव 2024 में सभी को समान अवसर मिलने वाले हैं. इसके साथ ही बृहन्मुंबई नगर आयुक्त इकबाल सिंह चहल के साथ ही अतिरिक्त आयुक्त और उपायुक्त को भी हटा दिया गया है. वहीं, मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के जीएडी सचिव को भी हटाया गया है.**

### 16 मार्च को जारी हुआ है चुनावी शेड्यूल

बता दें कि देशभर में लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है. पूरे देश में 7 चरणों में चुनाव होंगे और 4 जून को नतीजे आएंगे. 16 मार्च को चुनावी शेड्यूल जारी कर निर्वाचन आयोग के आयुक्त राजीव कुमार ने मतदाताओं से खास अपील की थी और ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का आग्रह किया था. उन्होंने बताया था कि वोटर अपने एपिक नंबर से बूथ की पूरी जानकारी हासिल कर सकते हैं.

### 43 दिन तक चलेगी चुनाव की प्रक्रिया

बता दें कि पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को होगी. देशभर में इलेक्शन की प्रक्रिया 43 दिन तक चलेगी. जबकि 4 जून को नई सरकार का ऐलान हो जाएगा. 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होगी, जबकि दूसरा चरण 26 अप्रैल, तीसरा 7 मई, चौथा चरण 13 मई, पांचवां फेज 20 मई, छठवां फेज 25 मई और सातवें चरण का मतदान 1 जून को होगा.

सब्जी बेचने वाले नाबालिग का मोबाइल लूटा

# बात करने के बहाने लिया मोबाईल फिर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया

**इंदौर के द्वारकापुरी इलाके में पता पूछने के बहाने दो आरोपियों ने एक नाबालिग का मोबाइल लूट लिया। नाबालिग जानकारी निकालते हुए आरोपियों तक पहुंच गया। जब उन्होंने मोबाइल नहीं दिया तो पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया है।**

द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक प्रजापत नगर में रहने वाले प्रवेश साहू ने बताया कि वह फल सब्जी का ठेला लगाता है। 26 फरवरी को दोस्त सुमित के साथ पैदल जा रहा था। तब दो लड़के उसके पास पहुंचे। उन्होंने सिरपुर पाल का पता पूछा। इस दौरान बात करने के लिये मोबाइल मांगा। मोबाइल लेते ही आरोपी ने कहा कि मोबाइल मांगोगे तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। इसके बाद बाइक से दोनों भाग गए।

इसके बाद प्रवेश ने द्वारकापुरी थाने पहुंचकर दोनों की शिकायत कर दी। इस बीच आरोपियों मोहन और सागर दोनों निवासी ऋषि पैलेस को ढूंढते हुए प्रवेश खुद ही उन तक पहुंच गया। यहां भी दोनों बदमाशों ने मोबाइल देने से इनकार कर दिया तो प्रवेश ने पुलिस को नामजद शिकायत कर दी। इसके बाद पुलिस ने लूट के मामले को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस दज किया है।

### एसएससी के स्टूडेंट का मोबाइल लूटने वाले पकड़ाए

सदर बाजार पुलिस ने भी एसएससी की तैयारी कर रहे स्टूडेंट का मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को फुटेज के आधार पर पकड़ा है। आरोपियों ने एक दिन पहले ही छात्र के साथ लूट की थी। पुलिस के मुताबिक सौरभ पटेल निवासी गाड़रा खेडी ने बताया था कि वह मूल रूप से नरसिंहपुर का रहने वाला है।

एक दिन पहले मल्हार आश्रम से पैदल अपने घर गाड़राखेडी की तरफ जा रहा था। तभी वह मोबाइल पर न्यूज देख रहा था। इस दौरान लाल रंग की बाइक से दो बदमाश उसके पास से गुजरे पीछे बैठे एक बदमाश ने हाथ से मोबाइल झपटा और भाग गए। सौरभ अपने कमरे पर पहुंचा और बहन को जानकारी दी। पुलिस को मामले की जानकारी




लगने के बाद आसपास से युवकों के फुटेज निकाले। जिसके बाद लाल रंग की बाइक सवार दोनों युवकों को पकड़ लिया। आरोपियों से लूट की अन्य वारदातों की पूछताछ की जा रही है।



# बड़े भाई से विवाद के बाद छोटे पर हमला

## लालाराम नगर में तीन बदमाशों ने घेरकर मारा; तिलकनगर में भी चाकूबाजी

**इंदौर में सोमवार रात चाकूबाजी हुई। लालाराम नगर में बड़े भाई से हुए विवाद पर छोटे पर हमला कर दिया गया। बड़े भाई का आरोपियों से झगड़ा एक दिन पहले हुआ था। उसी का बदला लेने के लिए यह वारदात की गई। छोटे भाई को चार वार लगे हैं। दूसरी घटना, तिलकनगर में हुई। यहां 15 साल के नाबालिग पर बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया।**

पलासिया पुलिस के मुताबिक लालाराम नगर में राहुल पुत्र मुकेश नरवले को आरोपी शुभम, मुन्ना और उसके साथियों ने घेरकर चाकू मारे। उसके पैर, कान, गाल और हाथ में चोट आई। उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बड़े भाई नीतेश ने बताया रात में राहुल खाना खाकर घर से बाहर टहलने निकला था तब हमला हुआ। इस दौरान आरोपी शुभम और उसके साथी आए और अकेला देखकर हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। राहुल को रिक्शा से परिवार के लोग एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। भाई नीतेश के मुताबिक एक दिन पहले दिन में मेरी और शुभम की कहासुनी हुई थी। बात हाथापाई तक पहुंच गई। तब मेरा भाई राहुल वहां आ गया तो शुभम धमकी देकर भाग गया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी शुभम पर पहले से लूट और चाकूबाजी के मामले दर्ज हैं। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने रात में हिरासत में ले लिया है। जबकि उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

## इंदौर में मोबाइल के लुटेरे पकड़ाए

# तिलकनगर-खजराना में भी की थी लूट; सीसीटीवी से पकड़ाए

**इंदौर में खजराना थाना पुलिस ने लूट के दो आदतन बदमाशों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से चार लूट की जानकारी मिली है। आरोपियों ने यह लूट खजराना और तिलक नगर इलाके में की थी। पुलिस लगातार उनके फुटेज तलाश रही थी।**

खजराना पुलिस के मुताबिक रवि कोष्ठी निवासी लाहिया कॉलोनी का बाइक पर सवार बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया। रवि ने बताया कि वह निजी कंपनी का कर्मचारी है। रविवार रात खजराना चौराहे से रोबोट चौराहे की तरफ पैदल जा रहा था।

इस दौरान वह मोबाइल पर बात करने लगा। तभी बदमाशों ने पीछे से झपट्टा मारा और मोबाइल छीन कर भाग गए। उसने मामले की शिकायत थाने पर की। पुलिस



ने बाइक नंबर के आधार पर आरोपियों को पकड़ लिया है। पुलिस के मुताबिक पकड़ाए आरोपियों से जानकारी मिली है कि उन्होंने पहले दो लूट तिलकनगर और एक लूट खजराना इलाके में कर चुके हैं।

# दीवार तोड़कर बिल्डिंग में घुसी कार, दो युवतियां घायल

## तेज आवाज में बज रहा था गाना; कार में शराब की बॉटल भी मिली

**इंदौर के तिलक नगर इलाके में बीती रात तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर दीवार तोड़ते हुए बिल्डिंग में जा घुसी। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे में कार सवार दो युवतियों के सिर और हाथ-पैर में चोट आई है। तिलक नगर पुलिस के मुताबिक घटना स्कीम-140 के पास की है। कार में तीन युवतियों सहित पांच लोग सवार थे।**

### तेज आवाज में बज रहा था म्यूजिक, शराब की बोतल मिली

पुलिस के मुताबिक कार में शराब की बोतल मिली है। घटना के दौरान तेज आवाज में म्यूजिक बज रहा था। घायल युवतियों को उपचार के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भेजा गया है। हादसे में दो युवतियों के सिर में चोट आई है।


तिलक नगर पुलिस के मुताबिक कार अमन रावत (निवासी संजना पार्क) चला रहा था। अमन ने बताया कि कार वर्ल्ड कप चौराहे से बायपास संजना पार्क की ओर जा रहे थे। तभी हमारे आगे चल रही कार ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे घबराकर मेरा पैर ब्रेक की जगह एक्सीलेटर पर चला गया। और गाड़ी का बैलेंस बिगड़ गया। कार खंभे-पेड़ से टकराकर घूम गई और सीधे दीवार में घुस गई।1

# प्रेममयी ममतामयी
# मां निर्मला देवी

**जन्मदिन 21 मार्च**



# सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा ने रविवार को जमकर चलाया जादू, अदा शर्मा की बस्तर का निकला दम



**सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना और दिशा पाटनी की फिल्म योद्धाने रविवार को सिनेमाघरों में शानदार कलेक्शन किया है। प्लेन हाईजैक की कहानी दिखाती इस फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है। वहीं अदा शर्मा की बस्तर का हालत नासाज है और आखिरी सांसें गिन रही है।**

सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना और दिशा पाटनी की फिल्म योद्धा पिछले वीक शुक्रवार को रिलीज हुई है और फिल्म ने वीकेंड पर ठीक-ठाक कमाई कर ली है। देशभक्ति की चाशनी में डूबी इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बार फिर से फौजी के रोल में दिख रहे हैं और अपने धुआंधार एक्शन से लोगों का दिल भी जीत रहे हैं। सागर ऑम्ब्रे,पुष्कर ओझा निर्देशित इस फिल्म किसी सुपरहीरो की तरह नजर आ रहे हैं सिद्धार्थ मल्होत्रा। हवाई जहाज हाइजैक पर बनी इस फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है। इस फिल्म ने रविवार को अच्छी कमाई की है। वहीं सुदीप्तो सेन के निर्देशन में बनी अदा शर्मा की फिल्म %बस्तर-द नक्सल स्टोरी पहले 3 दिनों में ही बुरी तरह पिट चुकी है।

फिल्म योद्धा की कहानी है देश के जांबाज सिपाही अरुण कत्याल (सिद्धार्थ मल्होत्रा) की जो अपने पिता को देखकर फौजी बनने का सपना पूरा करता है। देश के लिए जान देने का जज्बा रखने वाले इस सिपाही को अचानक कुछ ऐसे हालात का सामना करना पड़ता है कि उसके हाथ से उसकी नौकरी भी चली जाती है। देश के सारे सिस्टम के खिलाफ खड़ा ये फौजी फाइनली कैसे खुद को साबित कर पाता है, ये फिल्म यही दिखाती है।

### सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा ने की रविवार को जबर कमाई

स्डुष्ठ्वद्यद्म की रिपोर्ट के मुताबिक, सिद्धार्थ मल्होत्रा की इस फिल्म ने शुरुआत धीमी की थी। फिल्म ने ओपनिंग डे पर मात्र 4.1 करोड़ का ही कलेक्शन कर पाई थी। वहीं रविवार को 7.00 करोड़ की कमाई की है। इस फिल्म ने तीन दिनों में 16.85 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।

## 100 करोड़ क्लब में शामिल हुई अजय देवगन की शैतान, संडे को कमाए इतने करोड़



8 मार्च को रिलीज हुई आर माधवन  और अजय देवगन की फिल्म शैतान  इन दिनों पर्दे पर छाई हुई है। बीते दिनों फिल्म ने वर्ल्डवाइड में 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था । वहीं अब घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी 100 करोड़ क्लब में एंट्री कर चुकी है।

विकास बहल द्वारा निर्देशित, मनोवैज्ञानिक हॉरर थ्रिलर फिल्म शैतान ने 10वें दिन 100 का आकड़ा पार कर लिया है। फिल्म ने दूसरे रविवार को डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर 9.75 करोड़ कमाए है, जिसके चलते फिल्म की टोटल कमाई 103.05 करोड़ की हो गई है। वहीं, वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर शैतान ने 133 करोड़ का बिजनेस कर लिया है। इस तरह से अजय और माधवन की ये फिल्म इतनी जल्दी इतना शानदार कमाई करने वाली 2024 की पहली फिल्म बन चुकी है।



# महिला प्रीमियर लीग 2024 का चैम्पियन बना

# रॉयल चैलेंजर बैंगलूर

***आरसीबी महिला टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने फाइनल के बाद कहा कि पिछले साल महिला प्रीमियर लीग जीतने में नाकाम रहने के बाद उन्हें टीम मैनेजमेंट से ठोस समर्थन मिला है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने महिला प्रीमियर लीग 2024 का खिताब जीतकर फ्रेंचाइजी के ट्रॉफी के सूखे को खत्म कर दिया। पुरुषों की टीम ने अभी भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब नहीं जीता है, जबकि आरसीबी की महिला टीम ढ्ढक्करुके केवल दूसरे सीजन में खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। स्मृति मंधाना की टीम ने रविवार को फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर खिताब जीता।***




### मंधाना ने जीत के बाद क्या कहा

आरसीबी महिला टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने फाइनल के बाद कहा कि पिछले साल महिला प्रीमियर लीग जीतने में नाकाम रहने के बाद उन्हें टीम मैनेजमेंट से ठोस समर्थन मिला है। इसकी ही बदौलत टीम ने रविवार को खिताब अपने नाम किया। उन्होंने कहा कि 2023 के अभियान ने हमें बहुत सी चीजें सिखाईं। डब्ल्यूपीएल खिताब जीतकर, आरसीबी के महिला समूह ने वह हासिल करने में कामयाबी हासिल की है जो उनकी पुरुष टीम 16 वर्षों में नहीं कर सकी। हालांकि, मंधाना हमेशा समर्थन करते रहने के लिए फैंस का आभार जताया।

### मंधाना ने कहा- हार से सीख मिली

मंधाना ने कहा- पिछले साल ने हमें खिलाड़ी के रूप में, कप्तान के रूप में और टीम के रूप में काफी चीजें सिखाईं। टीम मैनेजमेंट ने जिस तरह से सीजन के बाद समीक्षा के दौरान मेरा समर्थन किया और मेरे हर फैसले में मेरी मदद की। अभी मैं इस खुशी से बाहर नहीं निकल पाई हूं। मेरे लिए बहुत सारे भावों का एकसाथ बाहर आना मुश्किल है। केवल एक चीज जो मैं कहना चाहती हूं वह यह है कि मुझे अपनी टीम पर गर्व है। हम उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं। जिस तरह हमने फाइनल में खेला, वह देखना शानदार था। हमारा बैंगलोर लेग वास्तव में अच्छा था। हमें दिल्ली में दो बड़े हार का सामना करना पड़ा। हमने इसी बारे में बात की थी।

### स्पिन के आगे फेल हुई दिल्ली की बल्लेबाजी

उन्होंने कहा,आखिरी लीग मैच क्वार्टर फाइनल की तरह था, फिर सेमीफाइनल और फिर फाइनल। ऐसे टूर्नामेंटों में आपको सही समय पर शीर्ष पर पहुंचना होता है। आशा शोभना (दो विकेट), श्रेयांका पाटिल (4/12) और सोफी मोलीन्यूक्स (3/20) की स्पिन तिकड़ी ने आरसीबी को 113 रन पर आउट करने में मदद की। इसके बाद फिर आरसीबी ने करिश्माई कप्तान मंधाना (31), सोफी डिवाइन (32) और एलिसे पेरी (नाबाद 35) की बल्लेबाजी की बदौलत तीन गेंद शेष रहते फाइनल जीत लिया।

RESIDENTIAL PLOTS
FOR SALE

SATGURU NAGAR



तुरन्त रजिस्ट्री। तुरन्त पजेशन

PLOT SIZE:-
12*50 = 600, SQFT
15*40= 600SQFT
15*50= 750SQFT
20*50= 1000 SQFT

1111/- SQFT
Book an appointment now:
8889066688, 9109639404

WWW.GATEWAYGHAR.IN

# मध्यप्रदेश में चार चरण में होंगे लोकसभा चुनाव, प्रदेश में प्रभावशील हुई आदर्श आचरण आचार संहिता

## भारत निर्वाचन आयोग ने की लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तारीखों की शनिवार को घोषणा कर दी गई है। इसके साथ ही प्रदेश में आदर्श आचार संहिता भी पूरी तरह से प्रभावशील हो गई है, जिसका सख्ती से पालन कराया जाएगा।**

श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में 4 चरणों में चुनाव प्रक्रिया संपन्न होगी। पहले चरण के लिए मतदान 19 अप्रैल, दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल, तीसरे चरण के लिए 7 मई और चौथे चरण के लिए मतदान प्रक्रिया 13 मई को सम्पन्न होगी। सभी चरणों की मतगणना के परिणाम एक साथ 4 जून 2024 को घोषित किए जाएंगे।



श्री राजन ने बताया कि पहले चरण में 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट एवं छिंदवाड़ा में 19 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। पहले चरण के लिए अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल किये जाएंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। प्रत्याशी 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 19 अप्रैल को होगा।

दूसरे चरण में 7 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद एवं बैतूल में 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। इस चरण के लिए अधिसूचना 28 मार्च को जारी होगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 5 अप्रैल को की जाएगी। प्रत्याशी 8 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 26 अप्रैल को होगा।

तीसरे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल एवं राजगढ़ में 7 मई 2024 को मतदान होगा। इस चरण के लिए अधिसूचना 12 अप्रैल को जारी होगी। प्रत्याशी 19 अप्रैल तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। 20 अप्रैल को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। प्रत्याशी 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 7 मई को होगा।

## प्रदेश में आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से होगा पालन - मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

इसी प्रकार चौथे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन एवं खंडवा में 13 मई 2024 को मतदान होगा। इस चरण के लिए अधिसूचना 18 अप्रैल को जारी होगी। प्रत्याशी 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। प्रत्याशी 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 13 मई को होगा।

### राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी ने शुरू की निगरानी

श्री राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (स्टेट लेवल एमसीएमसी) द्वारा न्यूज चैनलों पर प्रसारित होने वाले विज्ञापन एवं समाचारों पर निगरानी रखने के लिये जनसम्पर्क अधिकारियों की टीम 24 घण्टे निगाह रखेगी। मध्यप्रदेश संपत्ति विरूपण अधिनियम के अंतर्गत सरकारी/सार्वजनिक/निजी संपत्ति पर अनाधिकृत विरूपण हटाने के लिए नियत सीमा में कार्यवाही के निर्देश दिए गए है। टीमों का गठन किया जाकर अंतर्राज्यीय नाकों पर अवैध शराब, नगद राशि और मादक पदार्थों के परिवहन पर सख्त निगरानी रखी जा रही है।

### सी-विजिल एप से नागरिक आचार संहिता के उल्लंघन की कर सकेंगे शिकायत

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जीपीएस आधारित सी-विजिल एप में 2 मिनट का वीडियो और फोटो डाउनलोड किए जा सकेंगे। कोई भी नागरिक आयोग को एप के माध्यम से शिकायत प्रेषित कर सकेंगे।

### पात्र नागरिक अभी भी जुड़वा सकेंगे मतदाता सूची में नाम

श्री राजन ने बताया कि पात्र नागरिक अभी भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख के 10 दिन पहले तक नागरिकों से मतदाता सूची से नाम जोड़ने के लिए आवेदन लिए जा सकेंगे। निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर पात्र नागरिक अपना नाम वोटर लिस्ट में मतदाता के रूप में जुड़वा सकेंगे।



# इंदौर हाईकोर्ट में पेश भोजशाला की 15 तस्वीरें

## इन फोटो में जो सबूत दिख रहे, उनके आधार पर ज्ञानवापी की तरह होगा सर्वे

हाईकोर्ट की इंदौर बेंच के आदेश पर आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को धार की भोजशाला का सर्वे करना है। इससे पता चलेगा कि यह वाग्देवी मंदिर है या कमाल मौलाना मस्जिद। हिंदू पक्ष इसे वाग्देवी का मंदिर बताता है। यह प्रमाणित करने के लिए उन्होंने हाईकोर्ट के समक्ष कई तस्वीरें रखी हैं।

इन तस्वीरों में दावा किया गया है कि पत्थरों पर पाली भाषा में ऊं नम: शिवाय, ऊं सरस्वत्यै नम: मंत्र, द्वारपाल और शंख चिह्न मिले हैं। हिंदू पक्ष का दावा है कि गर्भगृह के अंदर परमार वंश का राज चिह्न है, जो यह बताता है कि ये हिंदुओं का मंदिर है।

### केस में सबूत के तौर पर पेश की गई थी तस्वीरें

हिंदू पक्ष ने हाईकोर्ट के समक्ष फोटो और उनकी डिटेल्स पेश की थीं। कोर्ट में दावा किया गया था कि वहां मंदिर है। इसके लिए, स्रु से सर्वे करवाया जाए, जिससे भोजशाला के स्वरूप का खुलासा हो सके।


1987 में एएसआई ने भोजशाला की खुदाई और फर्श बनाने का काम किया, जिसमें भगवान कुबेर सहित हिंदू देवी-देवताओं की 32 मूर्तियां मिलीं।





भोजशाला के मुख्य गुंबद के अंदर अष्टदल कमल।


पत्थरों पर पाली भाषा में ॐ नम: शिवाय लिखा हुआ है।


। के स्तंभ पर हिंदू भगवान की नष्ट की


भोजशाला परिसर के अंदर एएसआई द्वारा सुरक्षित काले पत्थर जिन पर ॐ सरस्वत्यै नम: लिखा है।


भोजशाला के स्तंभों पर विभिन्न हिंदू देवी-देवताओं और संघ चक्र के चिह्न।


हवन कुंड भोजशाला परिसर के मध्य में स्थित है।


भोजशाला के गर्भगृह के अंदर परमार वंश का राज्य चिह्न है।


भोजशाला के स्तंभ पर काल सर्प यंत्र।


भोजशाला के अंदर ASI के अधीन वो कमरा जिसमें गेट | के दोनों साइड द्वारपाल है।


भोजशाला के अंदर टाइल्स के रूप में लगे पत्थर जिनमें हिंदू धर्म के चिन्ह है।


भोजशाला में पीलर के ऊपर बना शंख का चिन्ह है।


भोजशाला में पत्थर पर पाली भाषा में लिखे सीताराम सहित अन्य नामों को एएसआई ने संरक्षित कर रखा है।


भोजशाला में काले पत्थर पर पाली मात्रा में मंत्र लिखे होने के साथ ही भगवान गणेश की आकृति बनी हुई है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लखनऊ दक्षिण भाग गायत्री नगर व सीमा जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान में खेलकूद एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन




आज दिनांक 17/03/2024 को अवध विहार योजना सेक्टर 3 में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रान्त संगठन मंत्री सीमा जागरण मंच अवध प्रान्त अमरनाथजी, कार्यक्रम अध्यक्ष लखनऊ दक्षिण भाग के अपार्टमेंट प्रमुख अरविन्द त्रिपाठी जी,भाग प्रचारक अजीत जी,नगर कार्यवाह रवि जी, सीमा जागरण मंच के प्रान्त महामंत्री राम कृपाल शुक्ल जी,कोषाध्यक्ष अष्टभुजा पाठक जी, महानगर अध्यक्ष अमरेंद्र दीक्षित जी,महामंत्री अरुण खरे जी व मनोज चौरसिया जी ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। प्रतियोगिता दो ग्रुप में अलग अलग आयोजित की गई जिसमें क्रमशः 8 वर्ष से 11 वर्ष एवं 12 वर्ष से 18 वर्ष की आयु के कुल 152 स्वयंसेवको ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर नगर विस्तारक अभिषेक, सायं कार्यवाह अक्षयजी ,विक्रम जी,सायं कार्यवाह अर्जुन नगर परमजीत जी, सुरेंद्र जी अमरेंद्र जी, आशीष जी चंद्र दीप जी समेत सकड़ों कार्यकर्ता व दर्शकगण मौजूद रहे। मुख्यवक्ता सीमा जागरण मंच अवध प्रान्त के संगठन मंत्री अमरनाथ जी अपने उद्बोधन में कहा कि खेलकूद समाज में भेदभाव दूर कर समरसता लाने अहम भूमिका निभाते है।इस प्रकार खेलकूद के माध्यम से समरस समाज की स्थापना करना ही इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य है।कार्यक्रम अध्यक्षता कर रहे उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अरविन्द त्रिपाठी ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ता बन्धुओं का स्वागत अभिनन्दन करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को क्रमशः गोल्ड, सिल्वर व कॉस्य पदक प्रदान किया गया एवं समस्त प्रतिभागियों को सीमा जागरण मंच की ओर से सर्टिफिकेट वितरित किया गया।



# इंदौर में अब तेजी से होगी कुत्तों की नसबंदी

इंदौर में डॉग बाइट्स घटनाओं को रोकने के लिए तेजी से नसबंदी की जाएगी। इसके लिए छह माह में शहर सभी स्ट्रीट डॉग्स जितनी नसबंदी नहीं हुई है, पूरी कर ली जाएगी।सोमवार को कलेक्टर आशीष सिंह ने इसे लेकर बैठक ली। बैठक में नगर निगम अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, एनजीओ के पदाधिकारी शामिल थे। उन्होंने बताया कि यह गंभीर मामला है। इसके लिए वेटरनरी डॉक्टरों का भी सहयोग लिया जाएगा। इसके लिए उन्हें इन्सेंटिव दिया जाएगा। शहर में करीब 30 से 50 हजार आवारा कुत्ते ऐसे हैं जिनकी नसबंदी नहीं हुई है। छह माह में इनकी नसबंदी पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें गाइड लाइन का पूरा पालन किया जाएगा। कुत्तों की नसबंदी के बाद उन्हें सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया जाएगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )